# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तराखण्ड, देहरादून।

पत्रांक:डीजी-1-201-2021(3)

दिनांक: मई, 25, 2024

सेवा में,

1- पुलिस महानिरीक्षक,
गढ़वाल परिक्षेत्र देहरादून।

2- पुलिस उपमहानिरीक्षक,
कुमायूं परिक्षेत्र नैनीताल।

**विषय : उपनिरीक्षक (नागरिक पुलिस/अभिसूचना), गुल्मनायक एवं अग्निशमन द्वितीय अधिकारी की शारीरिक नाप-जोख एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा दिनांक 10-06-2024 से कराये जाने विषयक।**

कृपया अवगत कराना है कि उत्तराखण्ड पुलिस विभाग में उपनिरीक्षक (नागरिक पुलिस/अभिसूचना), गुल्मनायक एवं अग्निशमन अधिकारी द्वितीय के रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग में प्रचलित है।उत्तराखण्ड पुलिस उपनिरीक्षक एवं निरीक्षक (नागरिक पुलिस/अभिसूचना) सेवा नियमावली-2018, उत्तराखण्ड प्रादेशिक आर्म्ड कान्सटेबुलेरी अधीनस्थ अधिकारी सेवा नियमावली-2019 एवं उत्तरारखण्ड अग्निशमन एवं आपत सेवा अधीनस्थ अधिकारी/कर्मचारी सेवा सेवानियमावली-2016 एवं संशोधन नियमावली-2022 के अनुसार उक्त समस्त पदों की शारीरिक माप-जोख/दक्षता परीक्षा के मानक एक समान है, शारीरिक दक्षता परीक्षा अर्हकारी (qualifying) प्रकृति की है।

2- उपरोक्त सेवा नियमावलियों के अनुसार उपनिरीक्षक (नागरिक पुलिस/अभिसूचना), गुल्मनायक की सीधी भर्ती हेतु शारीरिक माप-जोख/दक्षता परीक्षा आपके निकट पर्यवेक्षण में करायी जानी है। वर्तमान में राजपत्रित अधिकारियों की उपलब्धता के दृष्टिगत मुख्यालय स्तर से चयन समिति का गठन निम्न प्रकार प्रस्तावित किया गया है। शारीरिक माप-जोख/दक्षता परीक्षा हेतु चयन समिति के गठन के सम्बन्ध में विधिवत आदेश आपके स्तर से निर्गत किये जाने है -

| क्र.सं. | | प्रस्तावित चयन समिति का विवरण |
|---|---|---|
| 1 | 46वीं वाहिनी पीएसी रूद्रपुर उधमसिंहनगर **(पुरूष)** | 1- श्री पंकज भट्ट-सेनानायक 46 पीएसी- अध्यक्ष<br>2- श्री भूपेन्द्र सिंह धौनी, सहायक सेनानायक 46 पीएसी - सदस्य<br>3- श्री संजय सिंह गर्ब्याल पु0उपा0 जनपद नैनीताल-सदस्य |
| 2 | 31वीं वाहिनी पीएसी रूद्रपुर उधमसिंहनगर **(महिला)** | 1- श्रीमती प्रिति प्रियदर्शनी, सेनानायक 31 पीएसी - अध्यक्ष<br>2- श्री तपेश कुमार चन्द, सहायक सेनानायक 31 पीएसी रूद्रपुर -सदस्य<br>3- श्री नरेन्द्र सिंह कुंवर, मुख्य अग्निशमन अधिकारी अल्मोड़ा - सदस्य |
| 3 | 40वीं वाहिनी पीएसी हरिद्वार **(पुरूष)** | 1- श्री प्रदीप कुमार राय - सेनानायक 40 पीएसी-अध्यक्ष<br>2- श्रीमती पूर्णिमा गर्ग सहायक सेनानायक,आई.आर.बी. द्वितीय-सदस्य<br>3- श्री सुरेन्द्र प्रसाद बलूनी, सहायक सेनानायक 40 पीएसी -सदस्य |
| 4 | ए0टी0सी0 हरिद्वार **(पुरूष)** | 1- श्रीमती सरिता डोभाल, पुलिस अधीक्षक जी0आर0पी0 - अध्यक्ष<br>2- श्रमती अरुणा भारती, उप सेनानायक, एटीसी- सदस्य |

| | | |
|---|---|---|
| | | 3- श्री बिजेन्द्र दत्त डोभाल, उपसहायक सेनानायक एसडीआरएफ-सदस्य |
| 5 | आई0आर0बी0 द्वितीय देहरादून **(महिला)** | 1- श्री अमित श्रीवास्तव-I सेनानायक, आईआरबी द्वितीय - अध्यक्ष<br>2- श्री राजन सिंह, उपसेनानायक, आईआरबी द्वितीय -सदस्य<br>3- श्री दिग्विजय सिंह परिहार, पु0उपा0, पुलिस संचार मुख्यालय -सदस्य |

3- उक्त प्रस्तावित चयन समिति के अतिरिक्त आवश्यकता के अनुसार चयन समिति अपने सहयोगार्थ अतिरिक्त राजपत्रित अधिकारी एवं किसी अधिकारी के अवकाश एवं अन्य कारणों से उपस्थित न होने की दशा में उनके स्थान पर अन्य अधिकारी आपके स्तर से नामित किये जायेंगे, लेकिन दक्षता परीक्षा सम्बन्धी फार्म में चयन समिति के अतिरिक्त किसी भी अधिकारी के हस्ताक्षर नहीं होगें। भर्ती केन्द्र में आवश्यकता के अनुसार स्टाफ परीक्षा केन्द्र प्रभारी द्वारा नियुक्त किये जायेंगे उपलब्धता न होने की दशा में मुख्यालय से मांग की जायेगी।

4- उपनिरीक्षक (नागरिक पुलिस/अभिसूचना) एवं गुल्मनायक पद हेतु आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों की शारीरिक माप-दण्ड एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु प्रस्तावित परीक्षा केन्द्र

कुमायूं परिक्षेत्र

| **क्र0सं0** | **परीक्षा केन्द्र का नाम** | **(पुरूष /महिला)** | **जनपद** | **अभ्यर्थियों की संख्या** | **650 अभ्यर्थी प्रति दिन (रविवार छोडकर)** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 46वीं वाहिनी रूद्रपुर पीएसी | पुरूष अभ्यर्थी | पिथौरागढ, बागेश्वर, चम्पावत, अल्मोड़ा, उधमसिंह नगर एवं नैनीताल | 20159 | Till Dt 16-07-2024<br>32 Working Days<br>(05 Sunday) |
| 2 | 31वीं वाहिनी पीएसी रूद्रपुर | महिला अभ्यर्थी | पिथौरागढ, बागेश्वर, चम्पावत, अल्मोड़ा, उधमसिंह नगर एवं नैनीताल। | 10429 | Till Dt 28-06-2024<br>17 Working Days<br>(02 Sunday) |

**गढ़वाल परिक्षेत्र**

| क्र.सं. | परीक्षा केन्द्र का नाम | (पुरूष/ महिला) | जनपद | अभ्यर्थियों की संख्या | **650 अभ्यर्थी प्रति दिन (रविवार छोडकर)** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ए0टी0सी0 हरिद्वार | पुरूष अभ्यर्थी | चमोली, रूद्रप्रयाग, पौड़ी, टिहरी एवं उत्तरकाशी एवं हरिद्वार | 13328 | Till Dt 04-07-2024<br>22 Working Days<br>(03 Sunday) |
| 2 | 40वीं वाहिनी पीएसी हरिद्वार | पुरूष अभ्यर्थी | देहरादून। | 15987 | Till Dt 09-07-2024<br>26 Working Days<br>(04 Sunday) |
| 3 | आई0आर0बी0 द्वितीय देहरादून | महिला अभ्यर्थी | चमोली, रूद्रप्रयाग, पौड़ी, टिहरी उत्तरकाशी, देहरादून हरिद्वार। | 12693 | Till Dt 03-07-2024<br>21 Working Days<br>(03 Sunday) |

5- अग्निशमन द्वितीय अधिकारी एवं अन्य पदों हेतु आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों की शारीरिक माप-दण्ड एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु प्रस्तावित परीक्षा केन्द्रः-

| **क्र0सं** | **परीक्षा केन्द्र का नाम** | **(पुरूष/ महिला)** | **जनपद** | **अभ्यर्थियों की संख्या** | **650 अभ्यर्थी प्रति दिन (रविवार छोडकर)** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आई0आर0बी0 प्रथम रामनगर नैनीताल। | पुरूष अभ्यर्थी | राज्य के समस्त जनपदों के पुरूष अभ्यर्थियों हेतु | 16969 | Till Dt 10-07-2024<br>27 Working Days |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | (04 Sunday |
| 2 | पुलिस लाईन देहरादून | महिला अभ्यर्थी | राज्य के समस्त जनपदों के महिला अभ्यर्थियों हेतु | 10455 | Till Dt 28-06-2024<br>17 Working Days<br>(02 Sunday |

6- उत्तराखण्ड अग्निशमन एव आपात सेवा अधीनस्थ अधिकारी/कर्मचारी सेवा नियमावली में निहित प्राविधानों के अनुसार अग्निशमन द्वितीय अधिकारी पद की शारीरिक माप-जोख/दक्षता परीक्षा पुलिस महानिरीक्षक/ उप महानिरीक्षक की अध्यक्षता में की जानी है। अतः उक्त पद की शारीरिक माप-जोख/दक्षता परीक्षा हेतु समिति का गठन निम्न प्रकार किया जाता है

| क्र0सं0 | शारीरिक दक्षता परीक्षा केन्द्र | चयन समिति का विवरण |
|---|---|---|
| 1 | आई0आर0बी0 प्रथम रामनगर नैनीताल **(पुरूष )** | 1- श्री योगेन्द्र सिंह रावत, डी0आई0जी0 कुमायूं परिक्षेत्र-अध्यक्ष<br>2- श्री रामचन्द्र राजगुरू, सेनानायक आई0आर0बी0 प्रथम-सदस्य<br>3- श्रीमती मनीषा जोशी, उपसेनानायक, आई0आर0बी0 प्रथम-सदस्य<br>4- श्री विपिन कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक, पुलिस दूरसंचार नैनीताल सम्बद्व हरिद्वार -सदस्य |
| 2 | पुलिस लाईन जनपद देहरादून **(महिला)** | 1- श्री करण सिंह नगन्याल, आई0जी0 गढ़वाल परिक्षेत्र-अध्यक्ष<br>2- श्री शेखर चन्द्र सुयाल अपर पुलिस अधीक्षक, पीटीसी-सदस्य<br>3- श्री मनोज कुमार ठाकुर, अ0पु0 अधी0 सीआईडी सैक्टर दे0दून सदस्य<br>4- श्री संदीप कुमार राणा, उ0निदे0, तकनीकी, फायर सर्विस- सदस्य |

7- उपरोक्त शारीरिक माप-जोख/दक्षता प्रक्रिया सम्पादित किये जाने हेतु परीक्षा केन्द्रों में प्रयोग किये जाने वाले अभिलेख/प्रपत्र निम्नवत संलग्न कर प्रेषित किये जा रहे है :-

1. उपनिरीक्षक (नागरिक पुलिस/अभिसूचना), गुल्मनायक एवं अग्निशम द्वितीय अधिकारी हेतु शारीरिक माप-जोख एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा के मानक एक समान है तथा यह परीक्षा मात्र अर्हकारी प्रकृति की है। माप-जोख/दक्षता परीक्षा के मानक प्रति **संलग्नक-1**
2. उपस्थिति शीट उपनिरीक्षक (नागरिक पुलिस/अभिसूचना) अग्निशमन द्वितीय अधिकारी महिला अभ्यर्थियों हेतु जिसमें शारीरिक माप-जोख परीक्षा का अंकन तथा शारीरिक माप-जोख परीक्षा का परिणाम (उत्तीर्ण/अनुत्तीर्ण) के सम्मुख अभ्यर्थी के हस्ताक्षर अनिवार्य है। जिसकी प्रति **संलग्नक-2**
3. उपस्थिति शीट उपनिरीक्षक (नागरिक पुलिस/अभिसूचना), गुल्मनायक एवं अग्निशम द्वितीय अधिकारी पुरूष अभ्यर्थियों हेतु जिसमें शारीरिक माप-जोख परीक्षा का अंकन तथा शारीरिक माप-जोख परीक्षा का परिणाम (उत्तीर्ण/अनुत्तीर्ण) के सम्मुख अभ्यर्थी के हस्ताक्षर अनिवार्य है। जिसकी प्रति **संलग्नक-3**
4. शारीरिक दक्षता परीक्षा प्रारूप :- उपनिरीक्षक (नागरिक पुलिस/अभिसूचना) एवं अग्निशमन द्वितीय अधिकारी (महिला अभ्यर्थी हेतु) **संलग्नक-4**
5. शारीरिक दक्षता परीक्षा प्रारूप :- उपनिरीक्षक (नागरिक पुलिस/अभिसूचना), गुल्मनायक एवं अग्निशमन द्वितीय अधिकारी (पुरूष अभ्यर्थी हेतु) **संलग्नक-5**

6. शारीरिक माप-जोख/दक्षता परीक्षा में उत्तीर्ण पुरूष अभ्यर्थियों का डाटा लोक सेवा आयोग हरिद्वार को प्रेषित किये जाने वाले प्रपत्र का प्रारूप **संलग्नक-6**

**<u>शारीरिक मापदण्ड एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु सामान्य निर्देश</u> :-**

- शारीरिक मापदण्ड एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा का तिथिवार अभ्यर्थियों की सूची उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग द्वारा सम्बन्धित परीक्षा केन्द्रों को उपलब्ध कराया जायेगा।
- शारीरिक नाप-जोख प्रतिदिवस प्रात: 6:30 बजे प्रारम्भ किया जायेगा। प्रतिदिवस 650 अभ्यर्थियों की शारीरिक मापदण्ड एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा सम्पन्न कराई जाएगी। (रविवार अवकाश छोड़कर)
- शारीरिक नाप-जोख/शारीरिक दक्षता के मानको का प्रदर्शन परीक्षा केन्द्र/पुलिस लाईन के सूचना पट्ट पर प्रमुखता से किया जायेगा। शारीरिक दक्षता परीक्षा का परीक्षण मानकीकृत उपकरणों से किया जायेगा।
- सचिव लोक सेवा आयोग के पत्र दिनांक 22-04-2024 के क्रम में शारीरिक अर्हताओं में छूट हेतु ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि 20 फरवरी 2024 तक अभ्यर्थी सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्गत पर्वतीय प्रमाण-पत्र अवश्य धारित करता हो। मूल निवास प्रमाण-पत्र/स्थाई निवास प्रमाण-पत्र के आधार पर अभ्यर्थी को पर्वतीय क्षेत्र का लाभ प्रदान न किया जाये। उक्त पत्र की प्रति संलग्न है।
- शारीरिक मापदण्ड में फिट पाये गये अभ्यर्थियों की मापदण्ड के तुरन्त पश्चात शारीरिक दक्षता परीक्षा करायी जायेगी। प्रत्येक आईटम की परीक्षा के सम्मुख हस्ताक्षर अवश्य कराये जायें।
- शारीरिक मापदण्ड एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा के समय के प्रत्येक आईटम में अभ्यर्थियों की वीडियोग्राफी अनिवार्य रूप से परीक्षा केन्द्र प्रभारी के पर्यवेक्षण में कराई जायेगी।
- शारीरिक दक्षता परीक्षा अर्हकारी प्रकृति की है, कोई अभ्यर्थी किसी आईटम में अनुत्तीर्ण हो जाता है तो वह उसी स्तर पर चयन प्रक्रिया से पृथक कर दिया जायेगा। तथा चयन प्रक्रिय से पृथक किये जाने के कारण से अभ्यर्थी को अवगत कराते हुये जिस आईटम में अनुत्तीर्ण हुआ है उसके सम्मुख हस्ताक्षर अवश्य करायें जायें।
- शारीरिक माप-जोख/दक्षता परीक्षा शीट में कटिंग, ओवर राईटिंग न हो इसका विशेश ध्यान रखा जायेगा है, यदि सावधानी रखने के उपरान्त भी कहीं कटिंग हो जाती है तो इस पर स्वयं अपने हस्ताक्षर कर चयन समिति के अध्यक्ष से प्रतिहस्ताक्षर करायेगें। तालिकाओं की सभी प्रविष्टियां पैन से लिखी जायेगी तथा पेंसिल से लिखना वर्जित होगा। प्रत्येक दिवस अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा के पश्चात उनका परीक्षा परिणाम सील बन्द लिफाफे में सुरक्षित रखा जायेगा।
- शारीरिक मापदण्ड एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा पूर्ण होने के उपरान्त सम्बनिधत परीक्षा केन्द्र प्रभारियों द्वारा सम्पूर्ण परिणाम परीक्षा निर्धारित प्रारूप में हार्ड कॉपी एवं साफ्ट कॉपी में सीलबन्द करते हुए सीधे उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग को प्रेशित किया जायेगा तथा इसकी सूचना पुलिस मुख्यालय को प्रेषित की जायेगी।

8- उक्त भर्ती प्रक्रिया निर्विवाद, पूर्ण पारदर्शिता एवं निर्विघ्न रूप से सम्पन्न कराने हेतु सभी परीक्षा केन्द्र के प्रभारी व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी रहेंगे। अभ्यर्थियों की शारीरिक मापदण्ड एवं शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु गठित समिति के अध्यक्ष का यह उत्तरदायित्व होगा कि वे स्वयं अपने पर्यवेक्षण में भर्ती प्रक्रिया पूर्ण कराये। इस सम्बन्ध में निम्नवत निर्देश दिये जाते हैं:-

(क) शारीरिक दक्षता प्रक्रिया में ऐसे कर्मियों को नियुक्त किया जाय जिनकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित हो।

(ख) भर्ती प्रक्रिया में नियुक्त किये जाने वाले अधिकारी/कर्मचारियों से इस आशय का प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से ले लिया जाये कि उनका कोई रिश्तेदार/संबंधी भर्ती केन्द्र में अभ्यर्थी नहीं है ।

9- अध्यक्ष समस्त भर्ती बोर्ड एवं सचिव, लोक सेवा आयोग हरिद्वार यह सुनिश्चित करें कि यदि उपरोक्तानुसार शारीरिक माप-जोख एवं दक्षता परीक्षा के सम्बन्ध में किसी बिन्दु पर संशय हो तो इस सम्बन्ध में श्रीमती शाहजहां जावेद खान, नोडल अधिकारी/अपर पुलिस अधीक्षक, कार्मिक से लिखित/टेलीफोन से आ रही कठिनाईयों का निराकरण करेंगे। उक्त के अतिरिक्त कतिपय बिन्दुओं पर आयोग से दिशा- निर्देश प्राप्त होने के उपरान्त अवगत करा दिया जायेगा।

अतः उपरोक्त दिशा-निर्देशों के अनुसार दिनाक 10-06-2024 से उपरोक्त परीक्षा केन्द्रों में शारीरिक माप-जोख एवं दक्षता परीक्षा कराये जाने हेतु अग्रेत्तर कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

**(अमित कुमार सिन्हा)**
अपर पुलिस महानिदेशक, प्रशासन
उत्तराखण्ड।

**प्रतिलिपिः-** निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेशितः-

1- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, देहरादून।
**2**- सेनानायक, 31 पीएसी/46 पीएसी रूद्रपुर उधमसिंहनगर।
3- सेनानायक, आई0आर0बी0 प्रथम नैनीताल एवं आई0आर0बी द्वितीय देहरादून।
4- सेनानायक, 40वीं वाहिनी पी0ए0सी0/ए0टी0सी0 हरिद्वार।
5- श्रीमती मनीषा जोशी, उपसेनानायक, आई0आर0बी0 रामनगर नैनीताल।
6- श्री विपिन कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक, पुलिस दूरसंचार नैनीताल सम्बद्व हरिद्वार।
7- श्री शेखर चन्द्र सुयाल अपर पुलिस अधीक्षक, पीटीसी नरेन्द्र नगर।
8- श्री मनोज कुमार ठाकुर, अ0पु0 अधी0 सीआईडी सैक्टर देहरादून।
9- श्री संदीप कुमार राणा, उ0निदे0, तकनीकी, फायर सर्विस।

**प्रतिलिपि :-** सचिव, उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार।